सत्र - २०२४ - २०२५, विषय - हिंदी

नाम :- ________ कार्य पत्र ग्रेड :- ________

कक्षा:- पाँचवीं तिथि :-

## भाग - (क)

१.) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें :-

एक दिन बादशाह अकबर के दरबार में एक चित्रकार आया। वह बादशाह से बोला, "बादशाह सलामत, मैं दूर देश से आया हूँ और पेशे से चित्रकार हूँ।" बादशाह अकबर ने उसे एक चित्र बनाने को कहा। अगले कुछ दिनों तक चित्रकार एक महिला का चित्र बनाने में लगा रहा। बादशाह अकबर, बीरबल और कुछ अन्य दरबारी उस चित्रकार की कृति देखने के लिए गए। बीरबल को छोड़कर सभी ने चित्रकार के चित्र की दिल खोल कर प्रशंसा की।

१.प्र.)- एक दिन बादशाह अकबर के दरबार में कौन आया ?

उ.)- ________

२.प्र.)- चित्रकार ने बादशाह को क्या बोला ?

उ.)- ________

३.प्र.)- अगले कुछ दिनों तक चित्रकार ने क्या किया ?

उ.)- ________

४.प्र.)- चित्रकार की कृति देखने के लिए कौन - कौन गया ?

उ.)- ________

५.प्र.)- चित्र की प्रशंसा किसने की ?

उ.)- ________

भाग (ख)

दिए गए शब्दों की सहायता से 'कंप्यूटर' के विषय पर अनुच्छेद लिखिए:-
विज्ञान, युग, वर्तमान, कंप्यूटर, अनमोल उपहार, उपयोगी, मशीन, दिनोदिन, बढ़ता उपयोग, सही सूचनाएँ, जानकारी, ई-मेल, इंटरनेट, महत्वपूर्ण-साधन, खेल, जादुई-उपकरण ॥

कंप्यूटर

दिए गए शब्द में से विशेषण शब्दों को रेखांकित करके उनका भेद लिखें:-

भेद

१.) यह पाँच रुपए का सिक्का है। ________

२.) यह आम रसीला है। ________

३.) यह तुम्हारा घर है। ________

४.) तीन लीटर दूध लाओ। ________

४.) दिए गए वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए:-

१.) उसकी जहाज़ छूट गया।

२.) दाल में कोई काला है।

३.) मेरी घर के निकट उसका घर है।

४.) मुझे कौन ने भी नहीं बताया।

५.) दिए गए वाक्यों को बहुवचन में बदलिए:-

१.) गाड़ी चलते-चलते रुक गई।

२.) घोड़ा हिनहिना रहा है।

३.) दरवाज़ा खुल गया।

४.) मैं भी चिड़ियाघर चलूँगा।